# नरवा के उपचार से जल स्तर 1.6 मीटर तक बढ़ा

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में एक सरकारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि छित्तीसगढ़ की महत्त्वाकांक्षी 'नरवा, गरुआ, घुरवा और बारी'योजना के तहत राज्य के गाँवों में नालों के उपचार के कारण संबंधित गाँवों में कुओं और नलकूपों में भूजल स्तर 1.6 मीटर बढ़ गया है।

## प्रमुख बिंदु

- एक आधिकारिक बयान के मुताबिक पिछले तीन साल में राज्य के 2,477 नाले का उपचार किया गया। उपचार में स्टॉप डैम का निर्माण, मिट्टी के बोल्डर चेक, गली प्लग और ब्रश हुड का निर्माण शामिल है।
- उपचार कार्यों में 614 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई और राज्य भर में नाले को पुनर्जीवित किया गया।
- बयान में कहा गया है कि जिन गाँवों से ये नाले गुजरते हैं, उनका भूजल स्तर 0.20 से 1.60 मीटर के बीच बढ़ गया है। नाले के किनारे अपने खेत रखने वाले ग्रामीणों को लाभ हुआ और वे अब दोहरी फसलों के लिये जाने में सक्षम हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/narva-treatment-raised-the-water-level-by-1-6-meters